C.D.S. EXAM (II) 2014

**_DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO_**

**T.B.C. : B-ABQB-N-HLO**

**Test Booklet Series**

# TEST BOOKLET

## GENERAL KNOWLEDGE

**A**

***Time Allowed : Two Hours*** ***Maximum Marks : 100***

**INSTRUCTIONS**

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose **ONLY ONE** response for each item.
5. You have to mark all your responses **ONLY** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong Answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**_DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO_**

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

1. The upper and lower portions in common type of bi-focal lenses are respectively
   (a) concave and convex
   (b) convex and concave
   (c) both concave of different focal lengths
   (d) both convex of different focal lengths

2. Tungsten is used for the construction of filament in electric bulb because of its
   (a) high specific resistance
   (b) low specific resistance
   (c) high light emitting power
   (d) high melting point

3. Inactive Nitrogen and Argon gases are usually used in electric bulbs in order to
   (a) increase the intensity of light emitted
   (b) increase the life of the filament
   (c) make the emitted light coloured
   (d) make the production of bulb economical


4. In the phenomenon of dispersion of light, the light wave of shortest wavelength is
   (a) accelerated and refracted the most
   (b) slowed down and refracted the most
   (c) accelerated and refracted the least
   (d) slowed down and refracted the least

5. An oscilloscope is an instrument which allows us to see waves produced by
   (a) visible light
   (b) X-rays
   (c) sound
   (d) Gamma rays

6. The distribution of electrons into different orbits of an atom, as suggested by Bohr, is
   (a) 2 electrons in the K-orbit, 6 electrons in the L-orbit, 18 electrons in the M-orbit
   (b) 2 electrons in the K-orbit, 8 electrons in the L-orbit, 32 electrons in the M-orbit
   (c) 2 electrons in the K-orbit, 8 electrons in the L-orbit, 18 electrons in the M-orbit
   (d) 2 electrons in the K-orbit, 8 electrons in the L-orbit, 16 electrons in the M-orbit

7. Carbon or Graphite rods are used in atomic reactors as moderators for sustained nuclear chain reaction through nuclear fission process. In this process
   (a) the neutrons are made fast
   (b) the protons are made fast
   (c) the neutrons are made slow
   (d) the protons are made slow

8.




The distance-time graph for an object is shown above. Which one of the following statements holds true for this object ?
   (a) The object is moving with uniform speed
   (b) The object is at rest
   (c) The object is having non-linear motion
   (d) The object is moving with non-uniform speed

1. सामान्य प्रकार के द्विफोकसी लेन्सों के ऊपरी तथा निचले भाग क्रमश:
   (a) अवतल और उत्तल होते हैं
   (b) उत्तल और अवतल होते हैं
   (c) दोनों भिन्न फोकस दूरियों के अवतल होते हैं
   (d) दोनों भिन्न फोकस दूरियों के उत्तल होते हैं

2. विद्युत बल्ब के तंतु के निर्माण में टंग्स्टन का प्रयोग होता है, क्योंकि इसका
   (a) उच्च विशिष्ट प्रतिरोध होता है
   (b) निम्न विशिष्ट प्रतिरोध होता है
   (c) उच्च प्रकाश-उत्सर्जन क्षमता होती है
   (d) उच्च गलनांक होता है

3. विद्युत बल्बों में सामान्यत: निष्क्रिय नाइट्रोजन और आर्गान गैसों का प्रयोग निम्नलिखित में से किस लिए होता है ?
   (a) उत्सर्जित प्रकाश की तीव्रता को बढ़ाने के लिए
   (b) तंतु का जीवन बढ़ाने के लिए
   (c) उत्सर्जित प्रकाश को रंगीन बनाने के लिए
   (d) बल्ब का उत्पादन किफायती बनाने के लिए


4. प्रकाश के विक्षेपण की परिघटना में, लघुतम तरंगदैर्घ्य की प्रकाश तरंग
   (a) त्वरित हो जाती है और सर्वाधिक अपवर्तित होती है
   (b) मंदित हो जाती है और सर्वाधिक अपवर्तित होती है
   (c) त्वरित हो जाती है और न्यूनतम अपवर्तित होती है
   (d) मंदित हो जाती है और न्यूनतम अपवर्तित होती है

5. निम्नलिखित में से किस के द्वारा उत्पन्न तरंगों को दोलनदर्शी (ऑसिलोस्कोप) द्वारा देखा जा सकता है ?
   (a) दृश्य प्रकाश
   (b) X-किरणें
   (c) ध्वनि
   (d) गामा किरणें

6. बोर द्वारा यथाप्रस्तावित, किसी परमाणु की विभिन्न कक्षाओं में इलेक्ट्रॉनों का वितरण निम्नलिखित में से कौन सा है ?
   (a) K-कक्षा में 2 इलेक्ट्रॉन, L-कक्षा में 6 इलेक्ट्रॉन, M-कक्षा में 18 इलेक्ट्रॉन
   (b) K-कक्षा में 2 इलेक्ट्रॉन, L-कक्षा में 8 इलेक्ट्रॉन, M-कक्षा में 32 इलेक्ट्रॉन
   (c) K-कक्षा में 2 इलेक्ट्रॉन, L-कक्षा में 8 इलेक्ट्रॉन, M-कक्षा में 18 इलेक्ट्रॉन
   (d) K-कक्षा में 2 इलेक्ट्रॉन, L-कक्षा में 8 इलेक्ट्रॉन, M-कक्षा में 16 इलेक्ट्रॉन

7. कार्बन अथवा ग्रेफाइट शलाकाओं का प्रयोग परमाणु रिएक्टरों में नाभिकीय विखण्डन प्रक्रम द्वारा, धारणीय नाभिकीय श्रृंखला अभिक्रिया के लिए विमंदकों के रूप में किया जाता है । इस प्रक्रम में
   (a) न्यूट्रॉन शीघ्रता से बनते हैं
   (b) प्रोटॉन शीघ्रता से बनते हैं
   (c) न्यूट्रॉन धीरे-धीरे बनते हैं
   (d) प्रोटॉन धीरे-धीरे बनते हैं

8.




किसी वस्तु के लिए दूरी-समय ग्राफ ऊपर दर्शाया गया है । इस वस्तु के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?
   (a) वस्तु एकसमान चाल से चल रही है
   (b) वस्तु विरामावस्था में है
   (c) वस्तु की गति अरेखीय है
   (d) वस्तु असमान चाल से चल रही है

9. For a harmonic oscillator, the graph between momentum $p$ and displacement $q$ would come out as

(a) a straight line

(b) a parabola

(c) a circle

(d) an ellipse

10. Which one among the following is the generic name of the causal organism of Elephantiasis ?

(a) Filaria

(b) Microfilaria

(c) *Wuchereria bancrofti*

(d) *Culex pipiens*

11. Which one among the following statements is ***not*** correct ?

(a) Pulses are rich in proteins

(b) Milk is a rich source of Vitamin A

(c) Cereals are very poor source of carbohydrates

(d) Vegetables are rich source of minerals

12. Which of the statements given below are correct ?

1. A person having blood group 'A' can donate blood to persons having blood group 'A' and blood group 'AB'.
2. A person having blood group 'AB' can donate blood to persons having blood groups 'A', 'B', 'AB' or 'O'.
3. A person with blood group 'O' can donate blood to persons having any blood group.
4. A person with blood group 'O' can receive blood from the person of any of the blood groups.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 1 and 2 only

(c) 3 and 4 only

(d) 1 and 3 only

13. Which one among the following is the correct pathway for the elimination of urine ?

(a) Kidneys, Ureters, Bladder, Urethra

(b) Kidneys, Urethra, Bladder, Ureters

(c) Urethra, Ureters, Bladder, Kidneys

(d) Bladder, Ureters, Kidneys, Urethra

14. Which of the following parts are found in both plant and animal cells ?

(a) Cell membrane, Chloroplast, Vacuole

(b) Cell wall, Nucleus, Vacuole

(c) Cell membrane, Cytoplasm, Nucleus

(d) Cell wall, Chloroplast, Cytoplasm

15. Which of the following statements is/are correct ?

1. Coronary artery supplies blood to heart muscles.
2. Pulmonary vein supplies blood to lungs.
3. Hepatic artery supplies blood to kidneys.
4. Renal vein supplies blood to kidneys.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 4

(d) 1, 3 and 4

9. किसी आवर्ती दोलक के लिए, संवेग $p$ तथा विस्थापन $q$ के मध्य ग्राफ कैसा होगा ?

(a) सरल रेखा
(b) परवलय
(c) वृत्त
(d) दीर्घवृत्त

10. निम्नलिखित में से कौन सा, श्लीपद के रोगकारक जीव का वंश-नाम है ?

(a) फाइलेरिया
(b) माइक्रोफाइलेरिया
(c) **वुशेरेरिया बेनक्रॉफ्टी**
(d) **क्यूलेक्स पीपीएन्स**

11. निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही **नहीं** है ?

(a) दालों में प्रोटीन की प्रचुरता होती है
(b) दूध विटामिन A का समृद्ध स्रोत होता है
(c) अनाज कार्बोहाइड्रेट के अत्यन्त अल्प स्रोत होते हैं
(d) सब्जियाँ खनिजों की समृद्ध स्रोत होती हैं

12. नीचे दिये गये कथनों में कौन से सही हैं ?

1. रुधिर वर्ग 'A' वाला कोई व्यक्ति, रुधिर वर्ग 'A' तथा रुधिर वर्ग 'AB' वाले व्यक्तियों को रुधिर दान कर सकता है ।
2. रुधिर वर्ग 'AB' वाला कोई व्यक्ति, रुधिर वर्ग 'A', 'B', 'AB' अथवा 'O' वाले व्यक्तियों को रुधिर दान कर सकता है ।
3. रुधिर वर्ग 'O' वाला व्यक्ति, किसी भी अन्य रुधिर वर्ग वाले व्यक्ति को रुधिर दान कर सकता है ।
4. रुधिर वर्ग 'O' वाला व्यक्ति, किसी भी रुधिर वर्ग वाले व्यक्ति से रुधिर ले सकता है ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 1 और 3

13. निम्नलिखित में से कौन सा एक, मूत्र-निराकरण का सही मार्ग है ?

(a) वृक्क, गवीनी, मूत्राशय, मूत्रमार्ग
(b) वृक्क, मूत्रमार्ग, मूत्राशय, गवीनी
(c) मूत्रमार्ग, गवीनी, मूत्राशय, वृक्क
(d) मूत्राशय, गवीनी, वृक्क, मूत्रमार्ग

14. निम्नलिखित में से कौन से भाग वनस्पति और जंतु दोनों ही कोशिकाओं में पाये जाते हैं ?

(a) कोशिका कला, हरित लवक, रिक्तिका
(b) कोशिका-भित्ति, केंद्रक, रिक्तिका
(c) कोशिका कला, कोशिका द्रव्य, केंद्रक
(d) कोशिका-भित्ति, हरित लवक, कोशिका द्रव्य

15. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

1. परिमंडली धमनी हृदय पेशी को रक्त की पूर्ति करती है ।
2. फुप्फुसी शिरा फुप्फुस को रक्त की पूर्ति करती है ।
3. यकृती धमनी वृक्कों को रक्त की पूर्ति करती है ।
4. वृक्कीय शिरा वृक्कों को रक्त की पूर्ति करती है ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) 2 और 4
(d) 1, 3 और 4

16. Which of the following was the theme of World Environment Day 2014 ?

(a) Green Economy. Does it include you ?

(b) Think. Eat. Save

(c) Many Species. One Planet. One Future

(d) Small Islands and Climate Change

17. Which one of the following types of pesticides is convenient to control stored grain pests ?

(a) Systemic pesticides

(b) Fumigants

(c) Contact poisons

(d) Stomach poisons

18. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Animal)* | List II *(Phyla)* |
|---|---|
| A. Ascaris | 1. Mammalia |
| B. Malarial parasite | 2. Arthropoda |
| C. Housefly | 3. Nematoda |
| D. Cow | 4. Protozoa |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

19. Which one among the following pairs is ***not*** correctly matched ?

(a) Sandal wood plant : Partial root parasite

(b) Cuscuta : Parasite

(c) Nepenthes : Carnivorous

(d) Mushrooms : Autotroph

20. Which one among the following cattle breed produces highest amount of milk ?

(a) Brown Swiss

(b) Holstein

(c) Dutch belted

(d) Blaarkop

21. Bagasse, a by-product of sugar manufacturing industry, is used for the production of

(a) glass

(b) paper

(c) rubber

(d) cement

22. The main constituent of Gobar gas is

(a) Ethane

(b) Methane

(c) Propane

(d) Acetylene

23. Which of the following is a good lubricant ?

(a) Diamond powder

(b) Graphite powder

(c) Molten carbon

(d) Alloy of carbon and iron

16. निम्नलिखित में कौन सा, विश्व पर्यावरण दिवस 2014 की विषय-वस्तु था ?

(a) हरित अर्थव्यवस्था. क्या यह आपको सम्मिलित करती है ?

(b) सोचें. खायें. बचायें

(c) अनेक जातियाँ (स्पीशीज़). एक ग्रह. एक भविष्य

(d) छोटे द्वीप और जलवायु परिवर्तन

17. निम्नलिखित प्रकार के पीड़कनाशियों में से कौन सा एक, भंडारित अनाजों के पीड़कों का नियंत्रण करने में सुविधाजनक है ?

(a) सर्वांगी पीड़कनाशी

(b) धूमक

(c) संपर्क विष

(d) आमाशय विष

18. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (जंतु) | सूची II (संघ) |
|---|---|
| A. एस्कारिस | 1. स्तनी वर्ग (मैमेलिया) |
| B. मलेरिया-परजीवी | 2. संधिपाद संघ (आर्थ्रोपोडा) |
| C. घरेलू मक्खी | 3. सूत्रकृमि संघ (नेमाटोडा) |
| D. गाय | 4. आदिजंतु (प्रोटोज़ोआ) |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

19. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

(a) चंदन काष्ठ पौधा : आंशिक मूल परजीवी

(b) कस्कुटा : परजीवी

(c) नेपेन्थीज : मांसाहारी

(d) छत्रक : स्वपोषी

20. निम्नलिखित में से कौन सी एक पशु नस्ल दूध का सर्वाधिक मात्रा में उत्पादन करती है ?

(a) ब्राउन स्विस

(b) होल्स्टीन

(c) डच पट्टित

(d) ब्लारकॉप

21. शर्करा निर्माण उद्योग के उपोत्पाद खोई का प्रयोग किसके उत्पादन के लिए होता है ?

(a) काँच

(b) कागज

(c) रबर

(d) सीमेण्ट

22. गोबर गैस का मुख्य अवयव क्या है ?

(a) एथेन

(b) मेथैन

(c) प्रोपेन

(d) ऐसीटिलीन

23. निम्नलिखित में से कौन सा, अच्छा स्नेहक है ?

(a) हीरक चूर्ण

(b) ग्रेफाइट चूर्ण

(c) गलित कार्बन

(d) कार्बन और लोह की मिश्रधातु

**24.** In Tritium (T), the number of protons (P) and neutrons (N) respectively are

(a) 1 P and 1 N

(b) 1 P and 2 N

(c) 1 P and 3 N

(d) 2 P and 1 N

**25.** When carbon dioxide is passed through lime water, the solution turns milky, but, on prolonged passage, the solution turns clear. This is because

(a) the calcium carbonate formed initially is converted to soluble calcium bicarbonate on passage of more carbon dioxide

(b) the reaction is reversible and lime water is regenerated

(c) the calcium bicarbonate formed initially is converted to soluble calcium carbonate on passage of more carbon dioxide

(d) the initially formed insoluble compound is soluble in carbonic acid

**26.** The form of carbon known as graphite

(a) is harder than diamond

(b) contains a higher percentage of carbon than diamond

(c) is a better electrical conductor than diamond

(d) has equal carbon-to-carbon distances in all directions

**27.** Which one among the following is an example of chemical change ?

(a) The melting of an ice cube

(b) The boiling of gasoline

(c) The frying of an egg

(d) Attraction of an iron nail to a magnet

**28.** Which of the following is ***not*** correct about Baking Soda ?

(a) It is used in soda-acid fire extinguisher

(b) It is added for faster cooking

(c) It is a corrosive base

(d) It neutralizes excess acid in the stomach

**29.** Chromium oxide in paints makes the colour of paint

(a) Green

(b) White

(c) Red

(d) Blue

**30.** Which of the following are the most important reason/reasons of flood becoming a destructive natural hazard in the Ganga-Brahmaputra valley ?

1. Due to population pressure more and more people are living in flood prone areas

2. Increased frequency and magnitude of landslide and soil erosion in the upper catchments

3. Increase in the amount and intensity of rainfall in the north-western part of India

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

24. ट्राइटियम (T) में प्रोटॉन (P) और न्यूट्रॉन (N) की संख्या क्रमशः क्या है ?

(a) 1 P और 1 N

(b) 1 P और 2 N

(c) 1 P और 3 N

(d) 2 P और 1 N

25. चूने के पानी में कार्बन डाइऑक्साइड प्रवाहित करने पर विलयन दूधिया हो जाता है, परन्तु लम्बे समय तक प्रवाहित करने पर विलयन साफ हो जाता है। इसका कारण है कि

(a) और अधिक कार्बन डाइऑक्साइड प्रवाहित करने पर प्रारंभ में बना कैल्सियम कार्बोनेट घुलनशील कैल्सियम बाइकार्बोनेट में रूपांतरित हो जाता है

(b) अभिक्रिया उत्क्रमणीय है और चूने का पानी फिर से बन जाता है

(c) और अधिक कार्बन डाइऑक्साइड प्रवाहित करने पर, प्रारंभ में बना कैल्सियम बाइकार्बोनेट घुलनशील कैल्सियम कार्बोनेट में रूपांतरित हो जाता है

(d) प्रारंभ में बना अघुलनशील यौगिक, कार्बोनिक अम्ल में घुलनशील होता है

26. कार्बन का वह रूप, जिसे ग्रेफाइट कहते हैं,

(a) हीरे से अधिक कठोर होता है

(b) हीरे की अपेक्षा कार्बन की अधिक प्रतिशतता वाला होता है

(c) हीरे की अपेक्षा बेहतर विद्युत् चालक होता है

(d) सभी दिशाओं में कार्बन-से-कार्बन की समान दूरियों वाला होता है

27. निम्नलिखित में से कौन सा एक, रासायनिक परिवर्तन का उदाहरण है ?

(a) बर्फ के घन का पिघलना

(b) गैसोलीन का क्वथन

(c) किसी अण्डे का तला जाना

(d) लोहे की किसी कील का चुंबक के प्रति आकर्षण

28. बेकिंग सोडा के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा सही **नहीं** है ?

(a) इसका प्रयोग सोडा-अम्ल अग्निशामक में होता है

(b) यह भोजन पकाने की क्रिया को तीव्रतर करने के लिए मिलाया जाता है

(c) यह एक संक्षारी क्षारक है

(d) यह आमाशय में अम्ल के आधिक्य को निष्प्रभावी करता है

29. पेंटों में क्रोमियम ऑक्साइड, पेंट का कौन सा रंग बनाता है ?

(a) हरा

(b) श्वेत

(c) लाल

(d) नीला

30. गंगा-ब्रह्मपुत्र घाटी में बाढ़ के विनाशकारी प्राकृतिक आपदा होने का/के निम्नलिखित में से कौन सा/से सर्वाधिक प्रभावशाली कारण है/हैं ?

1. जनसंख्या दबाव के कारण अधिकाधिक लोग बाढ़ प्रवण क्षेत्रों में रह रहे हैं
2. उच्च जलग्रहण क्षेत्रों में भू-स्खलन और मृदा अपरदन की बढ़ी हुई आवृत्ति और परिमाण
3. भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में वर्षा के परिमाण और तीव्रता में वृद्धि

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

31. Arrange the following states of India on the basis of conferring statehood (starting from the earliest) :

1. Arunachal Pradesh
2. Nagaland
3. Sikkim
4. Meghalaya

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 – 4 – 3 – 1

(b) 2 – 1 – 4 – 3

(c) 4 – 1 – 3 – 2

(d) 4 – 1 – 2 – 3

32. Plate tectonics is a scientific theory that describes the large scale motions of Earth's lithosphere. Which one among the following statements regarding Plate tectonics is ***not*** correct ?


(a) Tectonic plates are composed of Oceanic lithosphere and thicker Continental lithosphere

(b) Tectonic plates are able to move because the Earth's lithosphere has a higher strength than the underlying asthenosphere

(c) The Earth's lithosphere is broken up into Tectonic Plates

(d) Along divergent plate boundaries, subduction carries plates into the mantle

33. Consider the diagram given below :




The above diagram represents the pressure conditions of three different places, viz., A, B and C. Which of the following is the correct direction of movement of winds ?

(a) Blow from B towards A and C

(b) Blow from C towards A and B

(c) Blow from B to A and from A to C

(d) Blow from B to C and C to B

34. Consider the following statements regarding ground water in India :

1. The large scale exploitation of ground water is done with the help of tube-wells.
2. The demand for ground water started increasing with the advent of green revolution.
3. The total replenishable ground water reserves is highest in the hilly tracts of Sikkim, Nagaland and Tripura.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

31. भारत के निम्नलिखित राज्यों को, उन्हें राज्य का स्तर प्रदान किए जाने के आधार पर क्रमबद्ध कीजिए (आद्यतम से प्रारंभ कर) :

1. अरुणाचल प्रदेश
2. नागालैंड
3. सिक्किम
4. मेघालय


नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 2 – 4 – 3 – 1
(b) 2 – 1 – 4 – 3
(c) 4 – 1 – 3 – 2
(d) 4 – 1 – 2 – 3

32. पृथ्वी के स्थलमण्डल की बड़े पैमाने पर गतियों का वर्णन करने के लिए प्लेट विवर्तनिकी एक वैज्ञानिक सिद्धान्त है । प्लेट विवर्तनिकी के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक सही **नहीं** है ?

(a) विवर्तनिक प्लेटें महासागरीय स्थलमण्डल और अपेक्षाकृत मोटे महाद्वीपीय स्थलमण्डल से बनी हैं
(b) पृथ्वी के स्थलमण्डल की प्रबलता, अंतर्निहित दुर्बलता-मंडल की अपेक्षा उच्च होने के कारण विवर्तनिक प्लेटें गति करने में समर्थ हैं
(c) पृथ्वी का स्थलमण्डल विवर्तनिक प्लेटों में खंडित है
(d) अपसारी प्लेट सीमाओं के अनुदिश, सब्डक्शन प्लेटों को आवरण के अन्दर ले जाता है

33. नीचे दिये गये आरेख पर विचार कीजिए :




ऊपर दिये गये आरेख में तीन विभिन्न स्थानों A, B और C पर दाब की स्थितियों को दर्शाया गया है । निम्नलिखित में कौन सी, पवनों के संचलन की सही दिशा है ?

(a) B से A और C की ओर बहती है
(b) C से A और B की ओर बहती है
(c) B से A की ओर तथा A से C की ओर बहती है
(d) B से C की ओर तथा C से B की ओर बहती है

34. भारत में भौमजल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. नलकूपों की सहायता से भौमजल का बड़े पैमाने पर समुपयोजन किया गया है
2. हरित क्रांति के आगमन के साथ-साथ भौमजल की मांग बढ़नी आरंभ हुई
3. सिक्किम, नागालैण्ड और त्रिपुरा के पहाड़ी प्रदेशों में कुल पुनःपूर्तियोग्य भौमजल निचय उच्चतम हैं

ऊपर दिये गये कथनों में कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**35.** Union Government in June 2014 granted *Navaratna* status to

1. Engineers India Ltd.
2. Coal India Ltd.
3. India Trade Promotion Organization
4. National Buildings Construction Corporation Ltd.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2 and 3 only

**36.** MONEX is associated with

(a) Montreal experiment

(b) Monetary experiment

(c) Lunar experiment

(d) Monsoon experiment

**37.** Which one of the following would have happened if the Himalayas did ***not*** exist ?

(a) Monsoon rains would have taken place in winter months

(b) Coastal India would have experienced Mediterranean climate

(c) North Indian plain would have been much cooler in winter

(d) North western part of India would have experienced humid condition

**38.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Phenomenon)* | List II *(Date)* |
|---|---|
| A. Summer solstice | 1. 21st June |
| B. Winter solstice | 2. 22nd December |
| C. Vernal Equinox | 3. 23rd September |
| D. Autumnal Equinox | 4. 21st March |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**39.** Which of the following statements regarding jhum cultivation in India are correct ?

1. It is largely practised in North-Eastern Indian states.
2. It is referred to as 'slash and burn' technique.
3. In it, the fertility of soil is exhausted in a few years.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

35. संघ सरकार ने जून 2014 में किन्हें **नवरत्न** की प्रतिष्ठा प्रदान की ?

1. इंजीनियर्स इण्डिया लिमिटेड
2. कोल इण्डिया लिमिटेड
3. भारत व्यापार संवर्धन संगठन
4. राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड

ऊपर दिये गये कथनों में कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) केवल 1, 2 और 3

36. MONEX किससे सम्बद्ध है ?

(a) मॉण्ट्रियल प्रयोग

(b) मौद्रिक प्रयोग

(c) चन्द्र-विषयक प्रयोग

(d) मानसून प्रयोग

37. यदि हिमालय पर्वत शृंखला अस्तित्व में **नहीं** होती तो निम्नलिखित में से क्या हुआ होता ?

(a) सर्दियों के महीनों में मानसून की वर्षा होती

(b) तटीय भारत में भूमध्यसागरीय जलवायु होती

(c) सर्दियों में उत्तर-भारतीय मैदान और अधिक ठण्डे होते

(d) भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में आर्द्र-स्थिति होती

38. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I **(घटना)** | सूची II **(दिनांक)** |
|---|---|
| A. ग्रीष्म संक्रांति | 1. 21 जून |
| B. शीत संक्रांति | 2. 22 दिसम्बर |
| C. बसन्त विषुव | 3. 23 सितम्बर |
| D. शरद् विषुव | 4. 21 मार्च |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

39. भारत में झूम कृषि के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन से सही हैं ?

1. यह भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में अधिकांशतः प्रथा में है ।
2. इसे 'कर्तन दहन' तकनीक के रूप में उल्लिखित किया जाता है ।
3. इसमें, मृदा की उर्वरता कुछ वर्षों में समाप्त हो जाती है ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

40. Arrange the following features formed by rivers in its course starting from upstream :

1. Meanders
2. Falls
3. Delta
4. Oxbow Lake

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 – 1 – 3 – 4
(b) 2 – 1 – 4 – 3
(c) 1 – 2 – 3 – 4
(d) 1 – 4 – 2 – 3

41. Which of the following statements relating to Indian agriculture is/are correct ?

1. India has the World's largest cropped area.
2. Cropping pattern is dominated by cereal crop.
3. The average size of an Indian farm holding is too small for several agricultural operations.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

42. Collision-Coalescence process of precipitation is applicable to

(a) clouds which extend beyond freezing level
(b) those clouds which do not extend beyond the freezing level
(c) all types of clouds
(d) cumulonimbus cloud

43. Arrange the following tiger reserves of India from North to South :

1. Indravati
2. Dudhwa
3. Bandipur
4. Similipal

Select the correct answer using the code given below :

(a) 3 – 4 – 1 – 2
(b) 4 – 2 – 3 – 1
(c) 2 – 4 – 1 – 3
(d) 2 – 1 – 4 – 3

44. Which of the following is/are basically meant to be deployed in the northern borders of India for monitoring the borders and also to stop smuggling and illegal immigration ?

1. Assam Rifles
2. Border Security Force
3. Indo Tibet Border Police
4. National Security Guards

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 and 3
(b) 1 and 2
(c) 3 only
(d) 4

45. Which of the following is/are the potential threat to safety of large dams ?

1. Urbanisation near dam sites
2. Flash floods in catchment area
3. Seismic activities in surrounding area

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

40. नदियों द्वारा उनके मार्ग में बनी निम्नलिखित विशेषताओं को, ऊर्ध्वप्रवाह से प्रारंभ कर, क्रमबद्ध कीजिये :

1. विसर्प
2. प्रपात
3. डेल्टा
4. चाप-झील

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 2 – 1 – 3 – 4
(b) 2 – 1 – 4 – 3
(c) 1 – 2 – 3 – 4
(d) 1 – 4 – 2 – 3

41. भारतीय कृषि के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

1. भारत में विश्व का सर्वाधिक फसल क्षेत्र है ।
2. फसल के पैटर्न में धान्य फसल की प्रभाविता है ।
3. भारतीय कृषि जोत क्षेत्र का औसत आकार अनेक कृषि संक्रियाओं के लिए बहुत छोटा है ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

42. वर्षण का संघट्टन-संलयन प्रक्रम किस पर अनुप्रयुक्त होता है ?

(a) हिमीकरण स्तर से परे फैले मेघों पर
(b) उन मेघों पर जो हिमीकरण स्तर से परे फैले नहीं होते
(c) सभी प्रकार के मेघों पर
(d) कपासी वर्षी मेघ पर

43. भारत के निम्नलिखित व्याघ्र संरक्षित क्षेत्रों (टाइगर रिज़र्व) को उत्तर से दक्षिण की ओर क्रमबद्ध कीजिए :

1. इंद्रावती
2. दुधवा
3. बांदीपुर
4. सिमिलीपाल

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 3 – 4 – 1 – 2
(b) 4 – 2 – 3 – 1
(c) 2 – 4 – 1 – 3
(d) 2 – 1 – 4 – 3

44. निम्नलिखित में से कौन भारत की उत्तरी सीमाओं पर सीमाओं के मानीटरन तथा तस्करी और अनधिकृत आप्रवासन को रोकने के लिए परिनियोजित किए जाने हेतु मूलतः आशयित है ?

1. असम राइफल्स
2. सीमा सुरक्षा बल
3. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस
4. राष्ट्रीय सुरक्षा गारद

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 2 और 3
(b) 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 4

45. बड़े बांधों की सुरक्षा के लिए निम्नलिखित में से कौन संभावित खतरा है/खतरे हैं ?

1. बांध स्थलों के पास शहरीकरण
2. जलग्रहण क्षेत्र में आकस्मिक बाढ़
3. आसपास के क्षेत्र में भूकम्प सक्रियता

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

46. The Equatorial region has no other season except summer. What could be the reason ?

1. The length of day and night is more or less equal over the year
2. The Earth's rotational velocity is maximum at the Equator
3. The coriolis force is zero at the Equator

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

47. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List I
*(Hill range of Central India)*


A. Satpura

B. Mahadeo

C. Vindhya

D. Maikala

List II
*(Location in map)*




*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

48. Consider the following statements relating to the Non-Alignment Movement :

1. The Non-Aligned Movement (NAM) was created and founded during the collapse of the colonial system and the independence struggles of the peoples of Africa, Asia, Latin America and other regions of the world and at the height of the Cold War.
2. The First Summit of the Movement of Non-Aligned Countries was convened by the leaders of India, Indonesia, Egypt, Syria and Yugoslavia at Belgrade on September 1 – 6, 1961.
3. During the early days of the Movement, its actions were a key factor in the decolonization process, which led later to the attainment of freedom by many countries and to the founding of several new sovereign States.
4. The fundamental principle of the movement is to maintain equal distance from both the super powers by joining the military alliances of both the blocs.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 3 and 4

(d) 1 and 2 only

46. विषुवतीय क्षेत्र में ग्रीष्म के अलावा कोई और ऋतु नहीं होती । इसका क्या कारण हो सकता है ?

1. पूरे वर्ष में दिन और रात लगभग समान लंबाई के होते हैं
2. पृथ्वी का घूर्णन वेग विषुवत् वृत्त पर अधिकतम होता है
3. विषुवत् वृत्त पर कोरिऑलिस बल शून्य होता है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :


(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

47. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची I
**(मध्य भारत की पहाड़ी शृंखला)**

A. सतपुड़ा
B. महादेव
C. विंध्य
D. मैकल

सूची II
**(मानचित्र में अवस्थान)**




कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

48. गुट-निरपेक्ष आन्दोलन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. गुट-निरपेक्ष आन्दोलन (NAM) उपनिवेशिक व्यवस्था की समाप्ति और अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमरीका और विश्व के अन्य क्षेत्रों के लोगों के स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान और शीतयुद्ध के चरम पर होने के समय सृजित और प्रतिष्ठापित किया गया था ।
2. गुट-निरपेक्ष देशों के आन्दोलन का पहला शिखर सम्मेलन भारत, इंडोनेशिया, मिस्र, सीरिया और युगोस्लाविया के नेताओं द्वारा बेलग्रेड में 1 – 6 सितम्बर 1961 में आयोजित किया गया था ।
3. आन्दोलन के प्रारंभिक दिनों में, इसके कार्य उपनिवेशन प्रक्रिया को समाप्त करने में मुख्य कारक थे जो बाद में कई देशों द्वारा स्वतंत्रता प्राप्त करने और कई नए प्रभुतासंपन्न राज्यों के बनने का कारण बने ।
4. आन्दोलन का मूल सिद्धान्त दोनों गुटों के सैनिक गठबंधनों में सम्मिलित हो कर दोनों परम शक्तियों से समान दूरी बनाए रखना है ।

ऊपर दिए गए कथनों में कौन से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 3 और 4
(d) केवल 1 और 2

49. Consider the following statements relating to the World Bank :

1. The World Bank was established in 1946, which is headquartered in New York.
2. The World Bank Group has set for itself the goal to end extreme poverty from the World by 2030.
3. The World Bank is a vital source of financial and technical assistance to developing countries around the world. It is not a bank in the ordinary sense but a unique partnership to reduce poverty and support development.
4. The World Bank Group comprises five institutions managed by their member countries in order to promote shared prosperity by fostering the income growth of the bottom 40% for every country.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 2, 3 and 4
(c) 1, 3 and 4
(d) 2 and 4 only

50. Which of the following statements about International Monetary Fund (IMF) are correct ?

1. The IMF is a United Nations specialized agency.
2. The IMF was founded at the Bretton Woods Conference in 1944 to secure international monetary cooperation.
3. The objective of the IMF is to stabilize currency exchange rates, and to expand international liquidity (access to hard currencies).

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1 and 3 only

51. Consider the following statements relating to the World Trade Organization (WTO) :

1. The WTO deals with the global rules of trade between nations.
2. The goal of the WTO is to help producers of goods and services, exporters, and importers conduct their business.
3. The WTO, which is a successor body of the General Agreement on Tariffs and Trade, came into being following the Uruguay Round of Negotiations.
4. The WTO distances itself in framing of rules on trade in intellectual property rights.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 2, 3 and 4
(c) 1, 2 and 4
(d) 1 and 3 only

**49.** विश्व बैंक से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विश्व बैंक 1946 में स्थापित किया गया जिसका मुख्यालय न्यूयार्क में है ।
2. विश्व बैंक समूह ने 2030 तक विश्व से चरम गरीबी समाप्त करने को अपना लक्ष्य निर्धारित किया है ।
3. विश्व बैंक विश्व भर में विकासशील देशों के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता का एक महत्वपूर्ण स्रोत है । यह सामान्य अर्थों में एक बैंक नहीं है, बल्कि गरीबी को कम करने और विकास को प्रोत्साहन देने की एक अनन्य साझेदारी है ।
4. विश्व बैंक समूह, हर देश के निचले स्तर के 40% लोगों की आय वृद्धि को प्रोत्साहन देते हुए साझी समृद्धि को बढ़ाने के लिए अपने सदस्य देशों द्वारा प्रबंधित पांच संस्थाओं से मिलकर बनता है ।

ऊपर दिये गये कथनों में कौन से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) केवल 2 और 4

**50.** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

1. IMF संयुक्त राष्ट्र संघ का एक विशिष्ट अभिकरण है ।
2. IMF को अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक सहयोग सुनिश्चित करने के लिए 1944 में हुए ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में स्थापित किया गया ।
3. IMF का उद्देश्य मुद्रा विनिमय दरों को स्थिरता प्रदान करना तथा अंतरराष्ट्रीय तरलता का विस्तार करना (दुर्लभ मुद्राओं तक पहुंच बनाना) है ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 1 और 3

**51.** विश्व व्यापार संगठन (WTO) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. WTO राष्ट्रों के बीच व्यापार के विश्वव्यापी नियमों से संबंध रखता है ।
2. WTO का लक्ष्य माल एवं सेवाओं के उत्पादकों, निर्यातकों और आयातकों को उनके व्यापार संचालन में सहायता करना है ।
3. WTO, जो टैरिफ एवं व्यापार संबंधी सामान्य करार का उत्तराधिकारी निकाय है, उरुग्वे दौर की संधिवार्ता के परिणाम स्वरूप अस्तित्व में आया ।
4. WTO बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के व्यापार के नियम बनाने से खुद को दूर रखता है ।

ऊपर दिये गये कथनों में कौन से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4
(d) केवल 1 और 3

**52.** Consider the following statements about local government in India :

1. Article 40 of Indian Constitution provides for the State to organize village panchayats and endow them with such powers and authority as may be necessary to make them function as units of self-government.
2. The 73rd and 74th Constitution Amendments inserted Part IX and IX A in the Constitution.
3. The provisions in Parts IX and IX A of Indian Constitution are more or less parallel and analogous.
4. The 73rd Constitution Amendment is applicable to all states irrespective of size of population.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**53.** Which of the following is ***not*** correct regarding the 2014 FIFA Football World Cup ?

(a) 'We Are One' is the official song

(b) '*Dar um Jeito* (We Will Find A Way)' is the official anthem

(c) Brazil is the first country to host a World Cup for the second time

(d) For the first time two consecutive World Cups are not hosted in Europe

**54.** World Bank in June 2014 released a study report on India's Power Sector titled 'More Power to India : The Challenge of Electricity Distribution'. Which of the following is/are the key recommendation(s) of the report ?

1. Ensure regulatory autonomy, effectiveness and accountability for utilities and regulators
2. Insulate utilities from State Governments to prevent interference with internal operations
3. Scrap the Electricity Act 2003 in order to improve the revenue generation of the power distribution companies

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 only

(d) 1 and 3 only

**55.** Which of the following is/are department(s) in Ministry of Defence ?

1. Department of Defence
2. Department of Defence Research and Development
3. Department of Defence Production
4. Department of Defence Finance

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 2, 3 and 4

(d) 1 only

52. भारत में स्थानीय शासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान के अनुच्छेद 40 में राज्य द्वारा ग्राम पंचायतों को गठित करने का और उन्हें ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान करने का उपबंध है जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने के लिए आवश्यक हैं ।
2. 73 वें व 74 वें संविधान संशोधनों ने संविधान में भाग IX और IX A को निविष्ट किया ।
3. भारत के संविधान के भाग IX एवं IX A के उपबंध लगभग समांतर और अनुरूप हैं ।
4. 73 वाँ संविधान संशोधन जनसंख्या के आकार का ध्यान किए बिना सभी राज्यों पर लागू है ।

ऊपर दिये गये कथनों में कौन से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

53. 2014 FIFA फुटबाल विश्व कप के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा सही **नहीं** है ?

(a) 'वी आर वन' आधिकारिक गीत है
(b) '**दार अम जीतो** (वी विल फाईंड ए वे)' आधिकारिक गान है
(c) ब्राजील, विश्व कप की दूसरी बार मेजबानी करने वाला पहला देश है
(d) पहली बार लगातार दो विश्व कपों की मेजबानी यूरोप में नहीं हुई

54. विश्व बैंक ने जून 2014 में भारत के विद्युत क्षेत्र पर एक अध्ययन रिपोर्ट का, जिसका शीर्षक "भारत को अधिक विद्युत : विद्युत वितरण की चुनौती" था, विमोचन किया । निम्नलिखित में से कौन सी इस रिपोर्ट की मुख्य सिफारिश है/सिफारिशें हैं ?

1. जनोपयोगी सेवाओं और नियामकों के लिए नियामक स्वायत्तता, प्रभाविता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित किए जाएँ
2. जनोपयोगी सेवाओं का राज्य सरकारों से, आंतरिक संक्रियाओं में हस्तक्षेप के निवारण के लिए रोधन किया जाए
3. विद्युत वितरण कंपनियों के राजस्व जनन के संवर्धन के लिए विद्युत अधिनियम 2003 को समाप्त कर दिया जाए

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2
(d) केवल 1 और 3

55. निम्नलिखित में कौन, रक्षा मंत्रालय का/के विभाग है/हैं ?

1. रक्षा विभाग
2. रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग
3. रक्षा उत्पादन विभाग
4. रक्षा वित्त विभाग

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4
(d) केवल 1

**56.** Consider the following statements about State Election Commission :

1. The State Election Commissioner shall be appointed by the Governor of the State.

2. The State Election Commission shall have the power of even preparing the electoral rolls besides the power of superintendence, direction and control of election to the panchayats.

3. The State Election Commissioner cannot be removed in any manner from his office until he demits himself or completes his tenure.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 only

**57.** Which of the following is/are Para-military Force(s) of India ?

1. Indian Coast Guard

2. Assam Rifles

3. Directorate General of Resettlement

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 3 only

(c) 2 only

(d) 1 and 2 only

**58.** 'Garuda-V', concluded recently, is a joint exercise between the Air Forces of India and

(a) Japan

(b) Canada

(c) Russia

(d) France

**59.** Which of the following statements about Indian Judiciary is ***not*** correct ?

(a) The Constitution of India has not provided for double system of courts as in the United States

(b) The organization of the subordinate judiciary in India varies slightly from State to State

(c) Every State in India has separate High Court

(d) The Supreme Court has issued direction to constitute an All India Judicial Service to bring about uniformity in designation of officers in criminal and civil side

**60.** Which among the following about the Rangarajan Panel Report on poverty estimation (submitted in July, 2014) is/are correct ?

1. The report states that three out of ten people in India are poor

2. The report endorsed the Tendulkar committee suggestion on determining poverty line in India

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**56.** राज्य निर्वाचन आयोग के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राज्य का निर्वाचन आयुक्त राज्य के राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया जाएगा ।
2. राज्य निर्वाचन आयोग को पंचायतों के निर्वाचन के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण की शक्ति के अलावा निर्वाचक-नामावली बनाने की भी शक्ति है ।
3. राज्य के निर्वाचन आयुक्त को उसके पद से किसी भी प्रकार से नहीं हटाया जा सकता जब तक वह खुद ही पदत्याग न करे या उसकी पदावधि समाप्त न हो जाए ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1

**57.** निम्नलिखित में से कौन सा/से, भारत का/के अर्धसैनिक बल है/हैं ?

1. भारतीय तट रक्षक
2. असम राइफल्स
3. पुनर्वास महानिदेशालय

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2

(d) केवल 1 और 2

**58.** हाल ही में संपन्न हुआ 'गरुड-V', भारत तथा किस और देश की वायुसेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास है ?

(a) जापान

(b) कनाडा

(c) रूस

(d) फ्रांस

**59.** भारतीय न्यायपालिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) भारत के संविधान ने, संयुक्त राज्य अमरीका की तरह, न्यायालयों की दोहरी प्रणाली का उपबंध नहीं किया है

(b) भारत में अधीनस्थ न्यायपालिका का संगठन अलग-अलग राज्य में थोड़ा भिन्न है

(c) भारत के प्रत्येक राज्य में अलग उच्च न्यायालय है

(d) आपराधिक और सिविल पक्ष के अधिकारियों के पदनाम में एकरूपता लाने के लिए उच्चतम न्यायालय ने एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन के लिए निदेश जारी किया है

**60.** निर्धनता आकलन पर रंगराजन पैनॅल रिपोर्ट (जुलाई 2014 में प्रस्तुत) के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से सही है/हैं ?

1. इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में दस में से तीन लोग गरीब हैं
2. इस रिपोर्ट ने भारत में गरीबी रेखा का निर्धारण करने विषयक तेंदुलकर समिति की सलाह का समर्थन किया है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

61. In May 2014, an agreement for credit of US $ 24 million (equivalent) from World Bank for additional financing for Uttarakhand Rural Water Supply and Sanitation Project was signed. The objective/objectives of the agreement was/were

1. To improve the effectiveness of rural water supply and sanitation (RWSS) services through decentralization
2. To restore services of damaged schemes in the disaster affected areas in the State of Uttarakhand

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

62. Which of the following statements about India-Sri Lanka relations is/are correct ?

1. India and Sri Lanka have a Free Trade Agreement.
2. India has emerged as the highest exporter to Sri Lanka as on May 2014.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

63. Which among the following is/are correct statement about Malawi ?

1. Malawi is a landlocked country in southeast Africa that was formerly known as Nyasaland
2. It has presidential system with unitary form of government
3. Malawi's economy is highly dependent on agriculture and majority of the population is rural

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1 and 3 only

64. Consider the following statements about FIFA :

1. It is an association governed by Swiss law, founded in 1904 and based in Zurich.
2. FIFA has been engaging with its stakeholders and other institutions to find sensible ways of addressing environmental issues and mitigate the negative environmental impacts linked to its activities.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

61. मई 2014 में, उत्तराखंड ग्रामीण जल पूर्ति और स्वच्छता परियोजना के अतिरिक्त वित्तपोषण हेतु, विश्व बैंक से US $ 24 मिलियन (समतुल्य) के ऋण के लिए करार पर हस्ताक्षर किये गये। इस करार का/के क्या उद्देश्य था/थे ?

